हंगामा

लड़के पक्ष ने लड़की नहीं दिखाने का लगाया आरोप, सम्मेलन में आए लोगों से लिए गए 1100 रुपये

# परिचय सम्मेलन में विवाद, हाईवे पर लगाया जाम



**नवभारत, दमोह 15 मार्च।** शहर के जबलपुर नाका के समीप एक मैरिज गार्डन में रविवार को राधिका फाउंडेशन सेवा समिति द्वारा सर्व हिंदू समाज का वर-वधु परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया था. इसमें हजारों की संख्या में पूरे प्रदेश से लोग यहां पहुंचे, लेकिन लड़के पक्ष के लोगों ने लड़की नहीं दिखाने का आरोप लगाते हुए मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया.

परिचय सम्मेलन में आए लोगों का आरोप है कि उनसे 1100 लिए गए, लेकिन परिचय सम्मेलन में लड़की नहीं दिखाई जा रही. वह अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं, जिससे उन्होंने दमोह-जबलपुर हाईवे पर जाम लगा दिया. जानकारी लगते ही एसडीएम सौरभ गंधर्व सहित प्रशासनिक अमले ने मौके पर पहुंचकर जाम को खुलवाया.

## अभद्रता करते हुए भगाया गया

सम्मेलन में पहुंचे जबेरा निवासी महेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि उन्होंने 1100 रुपए दिए थे. जब वह परिचय सम्मेलन में पहुंचे तो उन्हें लड़की देखने नहीं मिली. पिपरिया कला से आए पुरुषोत्तम सेन ने बताया कि वह भी अपने तीन साथियों के साथ इस परिचय सम्मेलन में पहुंचे हैं. 1100 रुपए की रसीद उन्होंने भी कटवाई थी, लेकिन उन्हें लड़की नहीं दिखाई गई. सागर जिले के गौरझामर से आई लक्ष्मी लोधी ने बताया कि वह अपने भाई नरेंद्र की शादी के लिए यहां आई थी.उनसे भी पैसे लिए गए, लेकिन लड़की नहीं दिखाई गई और अभद्रता करते हुए उन्हें वहां से भगाया गया.

## संदेह के घेरे में आयोजन

जो पंपलेट आयोजन समिति के द्वारा बांटे गए थे. उसके अनुसार उसमें बताया गया था कि राधिका फाउंडेशन सेवा समिति द्वारा सर्व हिंदू समाज का पहली बार परिचय सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है. इसमें वर-वधु के लिए 18 से 50 वर्ष की उम्र निर्धारित की गई है. इस आयोजन में कुंवारे लड़का, लड़की, विधवा और तलाकशुदा के साथ दिव्यांग लोग भी रिश्ते के लिए संपर्क कर सकते हैं.

## लड़की पक्ष रहा गायब

परिचय सम्मेलन रविवार को आयोजित हुआ है, लेकिन यहां से लड़की पक्ष गायब है. किसी भी लड़के पक्ष के लोगों को लड़की देखने नहीं मिल रही. इसके अलावा जो सामग्री आयोजन समिति के द्वारा शादी में वर-वधु को दी जानी है वह भी संदेह के घेरे में है. पंपलेट में आयोजन समिति द्वारा छपवाया गया, जिसमें वर-वधु को गोदरेज अलमारी, सिंगल बेड पलंग, पलंग पेटी, फ्रिज, टीवी, मिक्सी, गैस चूल्हा, बेडशीट, दुल्हन के लिए श्रृंगार पेटी, दुल्हन के लिए पांच साड़ी आदि 21 प्रकार की सामग्री देने की बात कही गई है.

## राशि वापस करने की मांग

लोगों ने लापरबाही को बढ़ता देख दमोह-जबलपुर हाईवे पर दोपहर 3:00 बजे जाम लगा दिया. हजारों की संख्या में लोग मुख्य सड़क पर बैठकर अपनी राशि वापस करने की मांग कर रहे हैं.दमोह एसडीएम सौरभ गंधर्व ने बताया कि उन्हें भी जानकारी मिली है कि परिचय सम्मेलन में लोगों के द्वारा कई प्रकार के आरोप लगाए जा रहे हैं.

## प्रदेश से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे

जानकारी में बताया गया कि रविवार सुबह से ही पूरे प्रदेश से हजारों की संख्या में लोग यहां पहुंचे और शुरू से ही उन्हें अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ रहा है.आयोजन समिति की ओर से रीना खटीक का कहना है कि हिंदू समाज का यह परिचय सम्मेलन हो रहा है. जिसमें लड़के वालों से 1100 रुपए लिए गए हैं और लड़की वालों से कोई राशि नहीं ली गई है. पूरे मध्य प्रदेश से इस परिचय सम्मेलन में वर वधु पक्ष से लोग पहुंचे हैं.

## जिला अस्पताल को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणीकरण

**नवभारत, दमोह।** जिला चिकित्सालय में 19, 20 व 21 फरवरी को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड एन.क्यू.ए.एस का राष्ट्रीय स्तर का निरीक्षण हुआ था। जिसके परिणाम में जिला चिकित्सालय को 92.3 प्रतिशत के साथ क्वालिटी सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। वर्ष 2022 में 12 विभागों को यह क्वालिटी सर्टिफिकेट प्रदान किया गया था।

यह हर 3 साल में होने वाले निरीक्षण उपरांत क्वालिटी सर्टिफिकेट प्रदान किया जाता है। इस बार 19 विभागों हेतु इस सर्टिफिकेट के लिए आवेदन किया गया था तथा सभी विभाग सफल रहे। अस्पताल के समस्त अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की गई। सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल ने कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर जो जिला क्वालिटी एश्योरेंस सेल के प्रमुख हैं का विशेष रूप से धन्यवाद प्रेषित किया।

## एक नजर में



### लोक अदालत में कई प्रकरणों का निपटारा

**नवभारत,पथरिया 15 मार्च।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दमोह के मार्गदर्शन में जूही सिंह न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति पथरिया द्वारा मा सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया, जिसमें समस्त अधिवक्ताओं की उपस्थित रही। नेशनल लोक अदालत में 31 आपराधिक प्रकरणों का एवं 1 चेक बाउंस प्रकरण में 120000 रुपए की वसूली हुई। सभी प्रकरण पक्षकारों के आपसी सौहार्द एवं सहमति के आधार पर निराकृत किये गए, साथ ही बैंक वसूली के 712 पीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसमें 1282131 रुपए की वसूली हुई तथा नगर पालिका के 3 पीलिटिगेशन प्रकरण में 57120 रुपए की वसूली हुई।



### नीरज बने पटवारी संघ पटेरा के अध्यक्ष

**नवभारत,दमोह।** म.प्र. पटवारी संघ तहसील पटेरा के पटवारियों की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से नीरज चौरसिया को अध्यक्ष नियुक्ति किया गया। नये अध्यक्ष नीरज चौरसिया ने कहा कि जो संघ द्वारा मुझे जो दायित्व दिया गया है उसका में पूरी लगन ईमानदारी के साथ निर्वाहन करूॅगा। सभी ने बधाई दी।



### जनगणना 2027 के अंतर्गत द्वितीय प्रशिक्षण आयोजित

**नवभारत,दमोह।** दमोह में जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना के लिए द्वितीय प्रशिक्षण का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। कलेक्टर अनिल राठौर की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण में अधिकारियों और कर्मचारियों को जनगणना कार्य की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इस दौरान मकानों पर नंबर अंकित करने सहित अन्य आवश्यक कार्यों के संबंध में भी निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मीना मसराम, एसडीएम दमोह सौरभ गंधर्व,डीपीओ अलका दास,डीपीसी मुकेश द्विवेदी, एनआईसी अधिकारी योगेन्द्र ठाकुर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### साजन असाटी ने किया रक्तदान



**नवभारत,दमोह।** जरूरत के समय किसी की मदद करना ही सच्ची सेवा मानी जाती है,इसी भावना को साकार करते हुए ग्राम जुझार निवासी साजन असाटी ने जिला अस्पताल पहुंचकर एक मरीज को रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की।बताया कि रामजी असाटी नामक मरीज का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है,और उन्हें तत्काल रक्त की आवश्यकता थी।जैसे ही इसकी जानकारी साजन असाटी को मिली,वे तुरंत जिला अस्पताल पहुंचे और रक्तदान कर मरीज की सहायता की.

### बीएम दुबे मप्र स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष नियुक्त



**नवभारत,दमोह।** मप्र स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष एसबी सिंह ने संघ संविधान में प्रदत शक्तियों का उपयोग करते हुए बीएम दुबे को दमोह जिले का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है. इस नियुक्ति पर राकेश सिंह हजारी, सत्यनारायण तिवारी, महमूद सिद्दीकी, केआर पांडेय, सुरेंद्र सिकर्रा, डॉ. मोहन आदर्श, सुरेंद्र राय, प्रमोद अहिरवार, संजीव जैन, शंकर सिंह, हेमंत शुक्ला, रंजीत ठाकुर, इरफान, हलीम सिद्दीकी आदि ने बीएम दुबे को बधाई दी है।

# स्वच्छता गीत जीतेंगे-जीतेंगे के पोस्टर का किया गया विमोचन




टीम उम्मीद का 19वां स्वच्छता अभियान बेला तालाब पार्क में आयोजित

**नवभारत, दमोह 15 मार्च।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के संकल्प के साथ नारी शक्ति टीम उम्मीद द्वारा 19वां साप्ताहिक स्वच्छता अभियान बेला तालाब पार्क में उत्साहपूर्वक संपन्न किया गया। इस अभियान के अंतर्गत टीम की महिलाओं और शहर के जागरूक नागरिकों के साथ टीम उम्मीद के लोगों ने मिलकर तालाब के घाट और आसपास के पार्क क्षेत्र में व्यापक सफाई अभियान चलाया।

अभियान के दौरान प्लास्टिक कचरा, पॉलिथीन और अन्य गंदगी को हटाकर पूरे क्षेत्र को स्वच्छ बनाया गया।महिलाओं ने झाड़ू लगाकर और कचरा एकत्रित कर क्षेत्र को साफ-सुथरा किया।इस दौरान वहां मौजूद लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया और अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने का संदेश दिया गया।

## गीत की शूटिंग हुई शुरू

दमोह में यह पहली बार है जब किसी गीत का पोस्टर विमोचन महिला शक्ति ने किया है। विमोचन के साथ ही इस गीत की शूटिंग भी शुरू हो गई। ज्ञात हो विगत वर्ष भी ओम शिव शक्ति फिल्म इंटरनेशनल केबैनर तले हरीश पटेल ने मत करो ना यार गीत शहर को समर्पित किया था। इस नारी शक्ति विशेष स्वच्छता अभियान में नर्मदा एकता सिंह, सीमा जाट, नैना तिवारी, डाली कटारे, अभिलाषा पांडेय, सुनीता मेशराम, सुचिता शर्मा, नैन्सी जाटव, कुमकुम पाटकर, काजल पांडे, रश्मि कोरी, नीलम सैनी, सरिता सैनी आदि उपस्थित रहे।

## अभियान में सभी की भागीदारी आवश्यक : सिंह

इस दौरान नर्मदा एकता सिंह ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं बल्कि एक जन आंदोलन है, जिसमें हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। इसी प्रकार सीमा जाट ने कहा नारी शक्ति टीम उम्मीद लगातार शहर में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए साप्ताहिक अभियान चलाएगी और लोगों को भी इसमें शामिल होने के लिए प्रेरित भी करेगी। स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर हरीश पटेल ने दमोह के नए स्वच्छता गीत जीतेंगे जीतेंगे का पोस्टर विमोचन नारी शक्ति से मिलकर किया गया।

# जनकल्याण में ही आत्म कल्याण छुपा है : शुक्ला

अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ का समापन

**नवभारत,दमोह 15 मार्च।** ग्राम बिलानी तहसील पथरिया जिला दमोह में चल रहे विशाल अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ के समापन की बेला में परमहंस योगीराज शक्तिपुत्र सदगुरुदेव महाराज की विचारधारा से अवगत कराते हुए विशाल जनसमुदाय को भगवती मानव कल्याण संगठन के केंद्रीय मुख्य सचिव सिद्धाश्रम रत्न आशीष शुक्ला उर्फ राजू भैया ने कहा कि जब तक हम प्रत्येक परिवार में मां की दिव्य ज्योत जलाकर हर परिवार नशा मुक्ति व मांसाहार मुक्त का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि गुरुवर की विचारधारा है कि समाज को विभिन्न बुराइयों से निजात पाने के लिए समाज को नशा मुक्ति, भय, भूख, भ्रष्टाचार मुक्त, ऊच-नीच व छुआछूत जैसी बुराइयों से दूर करना होगा एवं मानवीय जीवन यापन करना होगा तभी समाज का कल्याण संभव है। गुरुवर की विचारधारा पर चलकर आज लाखों परिवार खुशहाली का जीवन व्यतीत कर रहे हैं।



# आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाला गिरफ्तार

वीडियो कॉल पर सुसाइड का मामला

**नवभारत, दमोह 15 मार्च।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें बताया गया कि रोहित उर्फ कृष्णकांत राय ने फांसी के फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली। वह कह था कि घंसू अहिरवार द्वारा पैसे मांग कर ब्लैकमेल किया जा रहा है। इसके बाद रोहित उर्फ कृष्णकांत राय ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

इस घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व अनुविभागीय अधिकारी के मार्गदर्शन में गैसाबाद थाना प्रभारी द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मृतक के शव की पंचनामा कार्यवाही की गई व मर्ग क्रमंजीबद्ध किया गया। मृतक के परिजनो से पूछताछ किये जाने पर आरोपी घन्सू उर्फ घनश्याम अहिरवार द्वारा मृतक रोहित उर्फ कृष्णकांत राय को ब्लैकमेल करने की बात पता चली।

## पुलिस ने 24 घंटे में आरोपी को किया गिरफ्तार

इसके बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गैसाबाद थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी की तलाश शुरू की गई और 24 घंट के भीतर आरोपी घंसू उर्फ घनश्याम अहिरवार को गिरफ्तार किया गया और न्यायालय में पेश किया गया।

### युवक ने रेल पटरी पर की आत्महत्या



**नवभारत,दमोह.** सिटी कोतवाली क्षेत्र फुटेरा फाटक पटरी के किनारे निवासरत 45 वर्षीय व्यक्ति ने रेल पटरी पर आत्महत्या कर ली.यह घटना देर रात करीब 3 बजे की बताई जा रही है.मौके पर सिटी कोतवाली से सब इंस्पेक्टर सियाराम सिंह,आरक्षक रतीराम, भूपेंद्र,जितेंद्र और आशीष ने पहुंचकर कार्रवाई शुरू करदी है.प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक मनीष पटेल निवासी फुटेरा फाटक की मौत हो जाने पर पुलिस जांच में जुटी हुई है.

### युवक की नदी में डूबने से मौत



**नवभारत, दमोह.** जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाली नरसिंहगढ़ चौकी के समीप सुनार नदी में नहाने गए युवक की डूब गया था, जिसे जिला अस्पताल लाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

# भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की जयंती पर निकली शोभायात्रा

साहू समाज की आराध्य देवी की जयंती जिले में धूमधाम से मनाई गई, सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए आयोजित



**नवभारत,दमोह 15 मार्च।** साहू समाज की आराध्य देवी भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की 1010वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई।.दमोह नगर में साहू धर्मशाला बड़ापुल में हवन पूजन सुबह 8:00 बजे हुआ. शोभायात्रा सुबह 10बजे से आरम्भ हुई.

शोभायात्रा बड़ापुल से धगट चौराहा,घंटाघर, बकोली,पुराना थाना महाकाली चौक होते हुए वापिस साहू धर्मशाला में समापन हुआ.सांस्कृतिक कार्यक्रम व पुरस्कार वितरण समारोह दोपहर 1 बजे आयोजित किया गया. इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मां भक्त शिरोमणि कर्मा देवी जयंती समारोह दमोह सहित जिले के रनेह, हिण्डोरिया, हटा, नरसिंहगढ, बटियागढ, तेंदूखेड़ा, अभाना, तेजगढ़, नोहटा सहित अन्य जगहों पर आयोजित किया गया.

## इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर दमोह में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सत्येंद्र तुलाराम साहू, संतोष साहू,नगर अध्यक्ष कल्पेश साहू, रितेश साहू, लकी साहू, अन्नू साहू, गुड्डा साहू, सौरभ साहू, रिंकेश साहू, विक्रम साहू, माखन साहू, बटियागढ़ में भगवतीशरण साहू, रनेह में नायक श्याम साहू, राजेश साहू, नरसिंहगढ में संतोष मोदी, हिण्डोरिया में जिलाध्यक्ष एड. संजय साहू, कमल साहू, नरेश साहू, बबलू साहू, हरिशंकर साहू आदि उपस्थित रहे।

### तेंदुखेड़ा में मनाई गई मां कर्मा जयंती



तेंदूखेड़ा में साहू समाज के लोग नगर के वार्ड नम्बर 4 साहू धर्मशाला में एकत्रित हुए. सभी ने मिलकर मा कर्मा देवी की जयंती मनाई. साहू समाज के अध्यक्ष नेमचंद साहू मन्दिर, निर्माण समिति के अध्यक्ष संदीप साहू, संरक्षक राम कुमार साहू, रश्मि साहू व अन्य सामाजिक लोगों ने मां कर्मा देवी के चित्र पर तिलक एवं फूल चढ़ाकर दीप प्रज्वलित किया.

**समाज में फैली कुरितियों को खत्म करने का संकल्प लिया**-इसके बाद एक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें समाज में फैली कुरितियों को जड़ से खत्म करने का संकल्प लिया गया, साथ शिक्षा पर जोर दिया. खास तौर पर बालिकाओं की शिक्षा को प्राथमिकता दी गयी.सभी ने मा कर्मा देवी के आचरण को अनुसरण करने का भी संकल्प लिया. मां कर्मा देवी भगवान श्री कृष्ण की परम भक्त थी. उनके भक्ति पूर्ण जीवन पर चर्चा की गई।

**प्रमुख मार्गों से निकाला गया जुलूस**-इसके बाद सभी ने नगर कर प्रमुख मार्गों से जुलूस निकाला और उसी धर्मशाला में जलूस को खत्म किया. इसके बाद खिचड़ी रूपी प्रसाद का वितरण हुआ. कार्यक्रम में समिति प्रबंधक डोमल साहू, दीपक साहू, लोक राम साहू, सोनू साहू, पीताम्बर साहू, सुनील साहू मुख्य रूप से समिलित थे.